# भारत-पाकिस्तान संबंध और SCO

## प्रिलिम्स के लिये:

शंघाई सहयोग संगठन (SCO), TAPI (तुर्कमेनिस्तान-पाकिस्तान-अफगानिस्तान-भारत), SAARC, क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना (RATS), संयुक्त राष्ट्र महासभा, ईरान-पाकिस्तान-भारत (IPI) पाइपलाइन, शंघाई स्पिरिट, SCO-अफगानिस्तान संपर्क समूह, स्वतंत्र राज्यों का राष्ट्रमंडल (CIS), दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन (ASEAN), सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (CSTO)।

## मेन्स के लिये:

भारत और पाकिस्तान संबंधों को मज़बूत करने में बहुपक्षीय मंचों की भूमिका तथा इसमें शंघाई सहयोग संगठन (SCO) का महत्त्व।

स्रोत: द हिंदू

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान के इस्लामाबाद में **SCO परिषद के शासनाध्यक्षों** की बैठक के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री के साथ अनौपचारिक बातचीत की।

- इसमें कहा गया है कि यह बातचीत पिछली मुलाकातों की तुलना में **अधिक सकारात्मक रही।**
- **शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के शासनाध्यक्षों की परिषद,** SCO के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद के बाद **दूसरी सबसे बड़ी परिषद** है।

## SCO शिखर सम्मेलन में भारत और पाकिस्तान के बीच क्या सकारात्मक घटनाक्रम हुए?

- **विवादास्पद भाषणों का परिहार:** भारत और पाकिस्तान दोनों ने अपने राष्ट्रीय वक्तव्यों में विवादास्पद भाषणों का प्रयोग करने से परहेज किया।
  - **पाकिस्तान की ओर से कश्मीर** जैसे संवेदनशील मुद्दों का **कोई सीधा उल्लेख नहीं** किया गया, जबकि भारत ने **सीमा पार आतंकवाद पर चर्चा करते समय पाकिस्तान** का विशेष उल्लेख करने **से परहेज किया।**
- **प्रोडक्टिव मीटिंग: भारत ने SCO की प्रोडक्टिव मीटिंग** आयोजित करने के लिये पाकिस्तानी नेतृत्व की सराहना की तथा अपने **प्रस्थान वक्तव्य** में सकारात्मक संकेत दिया।
- **क्षेत्रीय मुद्दों पर सहयोग: व्यापार, संपर्क, ऊर्जा प्रवाह तथा आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद के** विरुद्ध सहयोग जैसे विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें टकराव के बजाय **सहयोग** पर बल दिया गया।
  - **कुछ SCO सदस्यों के साथ** TAPI (तुर्कमेनिस्तान-पाकिस्तान-अफगानिस्तान-भारत) ऊर्जा पाइपलाइन और अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।
- **आर्थिक सहयोग के लिये पहल:** इस शिखर सम्मेलन के परिणामस्वरूप **आर्थिक वार्ता कार्यक्रम** और **आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिये रणनीतियों को प्रस्तावित किया गया।**
  - संयुक्त वक्तव्य में **हरित विकास, डिजिटल अर्थव्यवस्था, व्यापार के साथ निर्धनता उन्मूलन एवं नवीकरणीय ऊर्जा** जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बल दिया गया।

## यह सकारात्मक घटनाक्रम महत्त्वपूर्ण क्यों हैं?

- **अनुच्छेद 370 का निरसन (2019):** अगस्त 2019 में जम्मू और कश्मीर की विशेष स्थिति (अनुच्छेद 370) **को रद्द करने के भारत के फैसले** से पहले से ही कमजोर संबंध और अधिक तनावपूर्ण हो गए।
  - पाकिस्तान इसे **अवैध मानता है** जबकि भारत इसे अपना **आंतरिक मामला** मानता है।
- **द्विपक्षीय संबंधों में गिरावट:** 7 अगस्त 2019 को पाकिस्तान ने भारत द्वारा जम्मू और कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के प्रतिक्रिया में भारत के साथ राजनयिक संबंधों को निम्न कर **चार्ज डी'एफेयर स्तर तक कर दिया** और **भारतीय उच्चायुक्त को निष्कासित कर दिया।**
- **सिंधु जल संधि: विशेष रूप से** किशनगंगा **और** रतले जलविद्युत परियोजनाओं पर विवाद से तनाव में वृद्धि हुई, जिसमें पाकिस्तान का आरोप है कि

भारत संधि का उल्लंघन कर रहा है।
    - भारत ने औपचारिक रूप से पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि (IWT) की **समीक्षा और संशोधन का अनुरोध किया है,** जो पाकिस्तान को उचित नहीं लगा।
- **सीमित व्यापार**: वर्ष 2019 में **पुलवामा हमले के बाद, भारत ने पाकिस्तान का सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (MFN) का** दर्जा रद्द कर दिया तथा पाकिस्तान ने द्विपक्षीय व्यापार निलंबित कर दिया।
    - **अनुच्छेद 370** के निरस्त होने से **द्विपक्षीय व्यापार** बाधित हुआ। वर्ष 2018-19 में **निर्यात के रूप में 2.06 बिलियन अमेरिकी डॉलर और आयात के रूप में 0.495 बिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ।**
- **आंतरिक हस्तक्षेप: पाकिस्तान ने भारत पर बलूचिस्तान प्रांत** में अशांति फैलाने और वहाँ अलगाववादी आंदोलनों को समर्थन देने का आरोप लगाया है।
    - भारत ने पाकिस्तान पर कश्मीरी युवाओं को **कट्टरपंथी बनाने तथा** कश्मीर मुद्दे का **अंतर्राष्ट्रीयकरण** करने का आरोप लगाया है।

## बहुपक्षीय मंच भारत-पाकिस्तान संबंधों को कैसे सुधार सकते हैं?

- **वार्ता के लिये तटस्थ मंच:** SCO जैसी बहुपक्षीय संस्थाएँ भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय तनाव के बिना बातचीत करने के लिये **तटस्थ वातावरण** प्रदान करती हैं।
    - ये मंच **अनौपचारिक बातचीत** और **ट्रैक-टू कूटनीति** (अनौपचारिक, गैर-सरकारी चर्चा) की सुविधा देते हैं, जिससे **तनाव कम होने के साथ संचार** के रास्ते खुल सकते हैं।
- **क्षेत्रीय सहयोग:** SAARC के माध्यम से दोनों राष्ट्रों ने **पहले भी** क्षेत्रीय व्यापार समझौतों पर सहयोग किया है।
    - जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन और सार्वजनिक स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएँ अभी भी अधिक हैं।
- **सुरक्षा चिंताएँ:** भारत और पाकिस्तान दोनों ही **SCO के** क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी ढाँचे (RATS) का हिस्सा हैं जिसका उद्देश्य **आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से निपटने में सहयोग को बढ़ावा देना है।**
    - **इससे ऐसा ढाँचा मिलता है जिसके तहत दोनों देश साझा सुरक्षा खतरों** पर मिलकर कार्य कर सकते हैं, भले ही उनके द्विपक्षीय संबंध तनावपूर्ण हों।
- **अविश्वास को कम करना:** संयुक्त राष्ट्र महासभा और अन्य अंतर्राष्ट्रीय मंचों में कई देशों की भागीदारी होती है जो **रचनात्मक बातचीत के लिये मध्यस्थ के रूप में कार्य कर सकते हैं।**
    - बहुपक्षीय कूटनीति से तनाव कम हो सकता है जैसा कि वर्ष 1999 के कारगिल संघर्ष **(जिसमें अंतर्राष्ट्रीय दबाव ने स्थिति को सामान्य करने** में भूमिका निभाई) **में देखा गया था।**
- **आर्थिक आदान-प्रदान: पारस्परिक लाभ वाली** तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-भारत (TAPI) पाइपलाइन और ईरान-पाकिस्तान-भारत (IPI) पाइपलाइन जैसी परियोजनाएँ विभिन्न विरोधियों के बीच भी सहयोग को बढ़ावा दे सकती हैं।

## SCO के बारे में मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **परिचय:** यह **15 जून 2001 को** शंघाई, चीन में स्थापित एक **स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है।**
- **स्थापना:** इसकी स्थापना **छह संस्थापक देशों** अर्थात् कज़ाखस्तान, चीन, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान द्वारा की गई थी।
- **उद्देश्य:** इसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच **आपसी विश्वास को मज़बूत करना, विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना, क्षेत्रीय शांति और स्थिरता सुनिश्चित करना** तथा एक निष्पक्ष अंतर्राष्ट्रीय **राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था** को बढ़ावा देना है।
- **सिद्धांत:** SCO में **शंघाई स्पिरिट का पालन होता है** जो **पारस्परिक विश्वास, पारस्परिक लाभ, समानता, परामर्श,** सांस्कृतिक विविधता के प्रति सम्मान और साझा विकास पर आधारित है।
- **निर्णय लेने वाली संस्थाएँ:** SCO **का सर्वोच्च** निर्णय लेने वाला निकाय **राष्ट्राध्यक्षों की परिषद (CHS) है,** जिसकी प्रमुख संगठनात्मक मुद्दों पर विचार करने के लिये प्रतिवर्ष बैठक होती है।
    - सहयोग रणनीतियों पर चर्चा करने, क्षेत्रों को प्राथमिकता देने तथा बजट को मंज़ूरी देने के लिये प्रतिवर्ष **शासनाध्यक्षों की परिषद (CHG) की** बैठक होती है।
- **स्थायी निकाय:** SCO के **दो स्थायी निकाय हैं।**
    - इसका सचिवालय **बीजिंग में** स्थित है, जो संगठन के दैनिक कार्यों के लिये ज़िम्मेदार है।
    - **ताशकंद** की **क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना (RATS) की कार्यकारी समिति,** क्षेत्रीय सुरक्षा के साथ **आतंकवाद विरोधी प्रयासों** पर ध्यान केंद्रित करती है।
- **वर्तमान सदस्यता:** SCO के **10 पूर्ण सदस्य हैं** अर्थात् चीन, रूस, कज़ाखस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, भारत, पाकिस्तान, **ईरान (2023) और बेलारूस (2024)।**

//




- **SCO-अफगानिस्तान संपर्क समूह: वर्ष 2005** में SCO ने अफगानिस्तान में **सुरक्षा और स्थिरता संबंधी चिंताओं को** दूर करने के लिये **SCO-अफगानिस्तान संपर्क समूह का** गठन किया, जो क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- **आधिकारिक भाषाएँ:** SCO की आधिकारिक भाषाएँ **रूसी और चीनी हैं** जो सदस्य देशों के बीच संचार को सुविधाजनक बनाती हैं।
- **साझेदारियाँ और सहयोग:** SCO ने विभिन्न संगठनों के साथ **साझेदारियाँ विकसित की हैं जिनमें स्वतंत्र राज्यों के राष्ट्रमंडल (CIS), दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (ASEAN), सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (CSTO) और** कई संयुक्त राष्ट्र एजेंसियाँ शामिल हैं।

## निष्कर्ष

SCO बैठक में भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुई **अनौपचारिक बातचीत (जिसमें सकारात्मक विकास और रचनात्मक संवाद देखा गया) सहयोग को बढ़ावा देने के लिये बहुपक्षीय मंचों की भूमिका पर प्रकाश डालती है।** क्षेत्रीय सहयोग को प्राथमिकता देकर और आम चुनौतियों का समाधान करके ये मंच बेहतर द्विपक्षीय संबंधों के साथ स्थिरता का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

***[illegible]:***

**प्रश्न: विश्लेषण कीजिये कि बहुपक्षीय मंच भारत और पाकिस्तान के बीच अविश्वास को कैसे कम कर सकते हैं। शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की प्रकृति इसमें किस प्रकार योगदान दे सकती है?**

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के विगत वर्ष के प्रश्न (PYQs)

***[illegible]***

**प्रश्न: SCO के उद्देश्यों और लक्ष्यों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये। भारत के लिये इसका क्या महत्त्व है? (2021)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/strengthening-india-pakistan-relations-and-sco